## समाचार

# सबका साथ–सबका विकास की संकल्पना को पूरा करने पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रही है राज्य सरकार – उद्योग मंत्री

### (उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने स्लम बस्तियों को दी सर्वसुविधायुक्त उद्यान की सौगात )

### (48 लाख रू. की लागत से बरपारा कोहड़िया मुख्य मार्ग के किनारे बनाया गया है उद्यान )




कोरबा 17 अगस्त 2025 – प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की '' सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास '' की संकल्पना को पूरा करने के लिए प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में राज्य सरकार पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल में प्रारंभ की गई दर्जनों जनकल्याणकारी योजनाओं को पूर्ववर्ती सरकार ने बंद कर दिया था, अब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने पुनः इन योजनाओं को प्रारंभ कराने के साथ ही अनेक जनहितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन प्रदेश में कराया है, जिनका सीधा लाभ प्रदेश के करोड़ों नागरिकों को प्राप्त हो रहा है। उन्होने कहा क जहॉं तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो मेरा संकल्प है कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य होगें तथा जन समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी संवेदनशीलता व प्राथमिकता के साथ कार्य किए जाएंगे।

उक्त बातें उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आज बरपारा कोहड़िया में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कहीं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा केन्द्र सरकार के एन.सी.ए.पी. मद से 48 लाख रूपये की लागत से निगम के वार्ड क्र. 18 बरपारा कोहड़िया मुख्य मार्ग के किनारे सर्वसुविधायुक्त उद्यान का निर्माण कराया गया है, आज प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य व श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए उद्यान का लोकार्पण किया तथा जनताजनार्दन की सेवा में समर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई, वहीं सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन, वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी सहित निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण व जनप्रतिनिधिगण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का लक्ष्य है कि बिना भेदभाव के विकास को आगे बढ़ाना, सभी का विकास करना, सबको साथ में लेना तथा सबको विश्वास में लेकर कार्य करना। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय श्री मोदी के इसी लक्ष्य पर तेजी के साथ कार्य कर रहे हैं, प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के केवल राज्य की जनता के हित में कार्य हो रहे हैं। उन्होने कहा कि मेरा संकल्प है कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी बिना किसी भेदभाव के सभी 67 वार्डो में समान रूप से विकास कार्य होंगे, कोरबा की जनता मेरी अपनी है, मैं उनके परिवार का सदस्य हूॅं, अतः उनकी समस्याओं का निराकरण करना, उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मैं अपना प्रथम कर्तव्य मानता हूॅं। मुझे खुशी है कि कोरबा की जनता ने मुझे अपार प्यार, स्नेह व आशीर्वाद दिया है, जिसके लिए मैं हृदय से आभारी हूॅं तथा सदैव आभारी रहूॅंगा। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय व नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव के आशीर्वाद से अलग-अलग मदों में कोरबा के लिए लगभग 700 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिन्हें मूर्त रूप देने का कार्य शीघ्रता के साथ किया जा रहा है। उन्होने कहा कि विशेषकर नगर निगम कोरबा क्षेत्र समस्यामुक्त क्षेत्र बने, इस दिशा में व्यापक पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं।

**उद्योग मंत्री के सहयोग से विकास हेतु लगातार मिल रहा फण्ड** - इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के प्रयास से नगर पालिक निगम कोरबा को विकास कार्यो हेतु लगातार धनराशि प्राप्त हो रही है, जिसकी बदौलत व्यापक पैमाने पर विकास व निर्माण के कार्य निगम क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। उन्होने कहा कि निगम क्षेत्र के नागरिकों की प्रत्येक समस्या के निराकरण के लिए उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए उद्योग मंत्री श्री देवांगन तथा हम पूरी तरह कतिबद्ध हैं तथा हमारा संकल्प है कि बिना किसी भेदभाव के केवल कोरबा की जनता की इच्छा व उनकी आवश्यकता के अनुरूप विकास व निर्माण कार्य होंगे।

**बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई** - इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि वार्ड क्र. 18 में लगभग छोटी-बड़ी 15 बस्तियॉं सम्मिलित है, इन बस्ती के नागरिकों की पुरानी मांग थी कि यहॉं पर गार्डन का निर्माण हो, मुझे खुशी है कि आज उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के आशीर्वाद से यहॉं के नागरिकों व माताओं-बहनों की बहुप्रतीक्षित मांग आज पूरी हुई है, अब इन बस्तियों के निवासियों को भ्रमण व वाकिंग के लिए तथा बच्चों के खेलकूद के लिए यह सुविधा प्राप्त हो गई है, आज इस अवसर पर यहॉं पर भारी संख्या में उपस्थित हुई माताओं-बहनों व भाईयों को देखकर यह सिद्ध होता है कि यह गार्डन उनके लिए कितना महत्वपूर्ण है।

**<u>उद्योग मंत्री के मार्गदर्शन में कोरबा का तेजी से विकास</u>** – इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री गोपाल मोदी ने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कोरबा का निश्चित रूप से तेजी से विकास हो रहा है, उनके महापौर के कार्यकाल में भी नगर निगम कोरबा ने विकास के नये आयाम स्थापित किए थे। उन्होने कहा कि आज जब इस गार्डन का लोकार्पण उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने किया तो फीता काटते ही सैकड़ों की संख्या में बच्चे बड़े उत्साह के साथ गार्डन में पहुंचे तथा यहॉ उपलब्ध कराई गई सुविधाओं का लाभ लेना शुरू कर दिया, यह देखकर हम सबको रोमांच हुआ, हमें अत्यंत प्रसन्नता हुई।

लोकार्पण अवसर पर सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन व अशोक चावलानी के साथ ही पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, एम.आई.सी. सदस्य अजय चन्द्रा व ममता यादव, पार्षद युगल कैवर्त, पकंज देवांगन, मुकुंद सिंह कंवर, प्रताप सिंह कंवर, ईश्वर पटेल, पूर्व पार्षद दिनेश वैष्णव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, नरेन्द्र पाटनवार, प्रफुल्ल तिवारी, राजेश राठौर, अजय विश्वकर्मा, परमिंदर सिंह, हरेराम साहू, आकाश श्रीवास्तव, रामकुमार राठौर, लक्की नंदा, कृष्णा द्विवेदी, पुनीराम साहू, पुनीराम पटेल, निर्मला साहू, शिव चौहान, रवि पी.सिंह, सुनीता राव, प्यारेलाल साहू, बलीराम यादव, सोनू राठौर, निगम के कार्यपालन अभियंता अखिलेश शुक्ला, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, आकाश अग्रवाल आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण, महिलाएं व बच्चें उपस्थित थे।